# पत्रकार कॉलोनी में चोरों का तांडव

## दो कारों के कांच तोड़कर बैटरियां ले उड़े बदमाश, सो रहे चौकीदार का मोबाइल भी पार

### कारोबारियों की गाड़ियों को बनाया निशाना

पत्रकार कॉलोनी निवासी नरेंद्र कुमार मौर्य (पुत्र मोतीराम) जो कि एक व्यवसायी हैं, ने अपनी बलेनो कार (क्रमांक MP 07 CJ 3686) घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह जब वे बाहर आए तो कार के कांच टूटे मिले और बैटरी गायब थी। पास में ही खड़े मिश्रा के मकान के बाहर खड़ी वैगनआर कार को भी बदमाशों ने तोड़ा और वहां से भी बैटरी व कीमती सामान चोरी कर लिया।

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 30अप्रैल।** शहर के सिरोल थाना क्षेत्र अंतर्गत पत्रकार कॉलोनी में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। बदमाशों ने कॉलोनी में खड़ी दो कारों के शीशे तोड़कर बैटरियां और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। खास बात यह रही कि पूरी रात कॉलोनी का चौकीदार सोता रहा और चोरों ने उसका मोबाइल भी पार कर दिया। घटना का पता सुबह चलने पर इलाके में सनसनी फैल गई।

घटना की जानकारी मिलते ही सिरोल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों के बयान दर्ज किए हैं और चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

**निर्माणाधीन मकान को भी नही बख्शा:** कॉलोनी में जीवाजी विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर का मकान निर्माणाधीन है, जिसे भी चोरों ने निशाना बनाया। वहां के ताले तोड़े गए हैं। कितना सामान चोरी हुआ है, इसका आकलन मकान मालिक के आने के बाद ही हो सकेगा। कॉलोनी में सुरक्षा के लिए रामस्वरूप नाम का व्यक्ति तैनात है। घटना के समय वह चारपाई पर गहरी नींद में सो रहा था। चोरों ने उसके पास रखा मोबाइल तक चोरी कर लिया।

**इनका कहना है..**
घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। कॉलोनी और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
**— थाना प्रभारी, सिरोल थाना**

# मानवीय संवेदनाओं की अनूठी कहानी कहती है, 'गौरी'

## ग्वालियर के फिल्म निर्देशक अनुभव श्रीवास्तव ने स्थानीय कलाकारों को भी दिया मौका, आदर्श गौ में हो रही है शूटिंग

**संजीव कुमार शर्मा**
**ग्वालियर 30अप्रैल।** समाज के अनछुए पहलुओं और ग्रामीण परिवेश की गहराई को पर्दे पर उतारने के संकल्प के साथ ग्वालियर के युवा लेखक एवं निर्देशक अनुभव श्रीवास्तव एक नई और भावुक कर देने वाली कहानी 'गौरी' लेकर आ रहे हैं। अपनी जड़ों से जुड़ी संवेदनाओं के लिए पहचाने जाने वाले श्रीवास्तव की यह कहानी न केवल पशु प्रेम को दर्शाती है, बल्कि मानवीय रिश्तों और सामाजिक जिम्मेदारी का एक नया नजरिया भी पेश करती है।




**एक गाय और संकल्प की कहानी:** फिल्म की कहानी एक छोटे से गांव की युवती 'गौरी' के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी लकवाग्रस्त माँ की सेवा के साथ-साथ पशुओं के संरक्षण के लिए समर्पित है। कहानी में अतीत का पश्चाताप और भविष्य की उम्मीद का बेहतरीन तालमेल है। गौरी द्वारा गांव में चलाए जा रहे पशु केंद्र के जरिए यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि पशुओं के प्रति दया भाव ही समाज की असली पूंजी है।



### तस्करी जैसे गंभीर मुद्दे पर प्रहार

महज एक पारिवारिक ड्रामा न होकर, यह कहानी 'रघु' नामक पत्रकार के माध्यम से पशु तस्करी जैसे संवेदनशील और गंभीर मुद्दे को भी उठाती है। निर्देशक अनुभव श्रीवास्तव ने इसमें रियलिस्टिक इमोशंस और मजबूत किरदारों का ऐसा ताना-बना बुना है, जो दर्शकों को मनोरंजन के साथ-साथ सोचने पर भी विवश करेगा।



**ग्वालियर की प्रतिभा का वैश्विक विजन:** ग्वालियर निवासी अनुभव श्रीवास्तव अपनी विशिष्ट स्टोरीटेलिंग शैली और सीमित संसाधनों में प्रभावशाली नैरेटिव तैयार करने के लिए जाने जाते हैं। उनकी लेखनी में ह्यूमन साइकोलॉजी और रिश्तों की बारीकियां स्पष्ट झलकती हैं। 'गौरी' प्रोजेक्ट को लेकर सिनेमा जगत में काफी चर्चा है और इसे अनुभव के करियर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है।

इनका कहना है...



गौरी सिर्फ एक कहानी नहीं, बल्कि बेजुबानों के प्रति हमारी संवेदनाओं का प्रतिबिंब है। गौ माता के ऊपर फिल्म बनाना एक अच्छा मैसेज है, बच्चों का प्रयास सफल हो.
**— ऋषभ देवानंद महाराज**



मेरा उद्देश्य ऐसी कहानियाँ कहना है जो हमारी मिट्टी से जुड़ी हों और दर्शकों के दिलों को छू सकें। हमने अपने शहर की रियल लोकेशन जिसमें गौशाला भी शामिल है पर शूटिंग की है.
**- अनुभव श्रीवास्तव लेखक एवं निर्देशक**



गौरी 'सामाजिक न्याय' का प्रतिनिधित्व करती हैं। फिल्म को मनोरंजन से ऊपर उठकर एक सामाजिक उद्देश्य के रूप में बनाया जा रहा है मेरे किरदार में बहुत से इमोशनल एवं संघर्ष की कहानी है.
**- दीपिका चौरसिया, मुख्य कलाकार**

# टेबल टेनिस और शूटिंग में खिलाड़ियों का दबदबा



### मैदान पर परिणामों की गूँज

**29 अप्रैल को आयोजित विभिन्न स्पर्धाओं के परिणाम इस प्रकार रहे-टेबल टेनिस:** अंडर-19 (बालक): नीरज (पीएमश्री केवि श्योपुर) प्रथम, आनसिक (केवि एनएचडीसी नर्मदा नगर) द्वितीय और आरव दुबे (पीएमश्री केवि खंडवा) तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-14 (बालक): बेयान राजीव (पीएमश्री केवि नंबर 2, भोपाल) ने प्रथम, दक्ष वाल्मीकि ने द्वितीय और निर्वाण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शूटिंग (10 मीटर एयर पिस्टल/राइफल): अंडर-14 (पिस्टल): अवैज सिंह (केवि 2 इंदौर) प्रथम, हिमांक चौहान (केवि 2 ग्वालियर) द्वितीय और रुद्र सिंह (केवि 4 ग्वालियर) तृतीय रहे।

**अंडर-17 (पिस्टल):** विक्रम झा ने स्वर्ण, जगतजीत सिंह (केवी मऊ) ने रजत और रुद्र श्रीवास्तव (केवी आईटीएम) ने कांस्य पदक जीता। गर्ल्स अंडर-17 (राइफल): सौम्या यादव (केवि मऊ) प्रथम, ऐश्वर्या चौहान (केवि खंडवा) द्वितीय और आकांक्षा विष्ट (केवि मऊ) तृतीय स्थान पर रहीं।

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 30अप्रैल।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1, ग्वालियर में आयोजित तीन दिवसीय 55वीं संभागीय खेलकूद श्रृंखला का दूसरा दिन युवा खिलाड़ियों के जोश और उत्कृष्ट प्रदर्शन के नाम रहा। टेबल टेनिस, शूटिंग और योगा जैसे इवेंट्स में संभाग भर से आए प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

**सहायक आयुक्त का दौरा और प्रोत्साहन:** प्रतियोगिता के दूसरे दिन सहायक आयुक्त निर्मला बुधानिया ने विद्यालय का दौरा कर व्यवस्थाओं और खेल स्पर्धाओं का जायजा लिया। विद्यालय के प्राचार्य राजेश पांडेय ने 'हरित पौधा' भेंट कर उनका स्वागत किया। सहायक आयुक्त ने योगा इवेंट के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदर्शित कठिन मुद्राओं की सराहना की।

**अनुशासन और प्रबंधन:** प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के खेल कोच राहुल गुर्जर, शिव कुमार और मिलन राजावत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खेल मैदानों पर व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहीं। अंत में प्राचार्य राजेश पांडेय और उपप्राचार्य पवन कुमार ने सभी विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी और आगामी स्पर्धाओं के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

**इनका कहना है...**



55वीं संभागीय खेलकूद श्रृंखला का उद्देश्य केवल खिलाड़ियों का चयन करना नहीं है, बल्कि छात्रों में खेल भावना और टीम वर्क के गुणों को विकसित करना है। आज दूसरे दिन शूटिंग और टेबल टेनिस में जैसा प्रदर्शन देखने को मिला, वह साबित करता है कि हमारे विद्यालयों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। हम खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाएँ और उचित मंच देने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि वे राष्ट्रीय स्तर पर संभाग का नाम रोशन कर सकें।
**राजेश पांडेय प्राचार्य,**
**पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र. 1 ग्वालियर**



खेलकूद से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। इस तीन दिवसीय आयोजन में जिस तरह का अनुशासन और जोश छात्रों ने दिखाया है, वह काबिले तारीफ है।
**पवन कुमार उप-प्राचार्य,**
**पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र. 1 ग्वालियर**



सहायक आयुक्त का मार्गदर्शन हमारे छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणादायी रहा। हम सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं और उम्मीद करते हैं कि हार-जीत से परे हटकर वे यहाँ से एक नया अनुभव लेकर जाएंगे।
**-डॉ भारती यादव अध्यापिका**




### 55वीं केवीएस खेलकूद श्रृंखला में सहायक आयुक्त ने बढ़ाया उत्साह

# जीडीए : नए अध्यक्ष मधुसूदन और उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता गाजे बाजे के साथ आज संभालेंगे चार्ज

## अध्यक्ष, उपाध्यक्ष की अगवानी को सज गया जीडीए

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 30अप्रैल।** ग्वालियर विकास प्राधिकरण अपने नये अध्यक्ष व उपाध्यक्ष की अगवानी के लिये सज संवर गया है। एक मई को प्राधिकरण के नये अध्यक्ष मधुसूदन भदौरिया, उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता अपना पदभार सम्हालेंगे। वहीं अन्य दूसरे उपाध्यक्ष वेदप्रकाश शिवहरे 8 मई को अपना पदभार विशेष मुहुर्त में सम्हालेंगे।

प्राधिकरण के सीईओ नरोत्तम भार्गव ने गुरूवार को प्राधिकरण के कर्मचारियों व अधिकारियों की बैठक में उन्हें पदभार ग्रहण कार्यक्रम के लिये जिम्मेदारी सौंपी। प्राधिकरण में अध्यक्ष मधुसूदन भदौरिया के लिये प्रवेश द्वार के ठीक सामने वाला व उसके बगल के दो रूम उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता व वेदप्रकाश शिवहरे के लिये तैयार कराये गये हैं। अध्यक्ष व उपाध्यक्षों के रूम को नये सिरे से सजाया संवारा गया है। नई टेबल, कुर्सियां भी मंगाई गई है ताकि अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के पास आने वाले मेहमान सुकून ले सकें।





**पहले सुधीर गुप्ता सम्हालेंगे पदभार:** प्राधिकरण के नवनियुक्त उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता सबसे पहले 12:30 बजे पहुंचकर अपना पदभार सम्हालेंगे। उन्होंने अपने मुहुर्त के हिसाब से अपना पदभार ग्रहण करने का कार्यक्रम तय किया है।

**अध्यक्ष भदौरिया 4 बजे चार्ज लेंगे:** ग्वालियर विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष मधुसूदन भदौरिया अपना पदभार पार्टी कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ 4 बजे जीडीए आफिस पहुंचकर सम्हालेंगे। पदभार समारोह के लिये व्यापक तैयारियां की गई हैं।

**वेदप्रकाश शिवहरे का चार्ज मुहुर्त 8 मई को :** प्राधिकरण के दूसरे उपाध्यक्ष वेदप्रकाश शिवहरे 8 मई को अपना पदभार सम्हालेंगे। उनके निकट सूत्रों ने बताया कि उनके ज्योतिष परामर्शदाता ने उन्हें 8 मई को शुभ मुहुर्त में पदभार सम्हालने को कहा है। हालांकि कल एक मई को वह अध्यक्ष मधुसूदन भदौरिया की पदभार रैली में भी शामिल होंगे। लेकिन पदभार बाद में सम्हालेंगे। यह पदभार रैली पड़ाव पुल के नीचे स्थित श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर से प्रारंभ होगी जिसमें भाजपा के सभी वरिष्ठ नेतागण एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने सभी से उपस्थिति का आग्रह किया है।

### जुलाई में रद्द रहेंगी कई ट्रेनें

**ग्वालियर।** गोंडा-बुढ़वाल क्षेत्र में तीसरी लाइन कनेक्टिविटी के लिए प्री, प्री-नॉन इंटरलॉकिंग तथा नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किए जाने के कारण कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। काम के चलते ग्वालियर से बलरामपुर के बीच चलने वाली सुशासन एक्सप्रेस (22199) एक जुलाई को लखनऊ-बलरामपुर के बीच रद्द रहेगी।

### सनातनधर्म मंदिर में मनी नृसिंह जयंती



**ग्वालियर।** श्री सनातन धर्म मंदिर में गुरुवार को नृसिंह जयंती के पावन पर्व पर एक भव्य एवं अलौकिक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर भगवान चक्रधर ने नृसिंह अवतार धारण कर श्रद्धालुओं को दिव्य दर्शन दिए। मंदिर के जगमोहन में सायं 7 बजे पूजा-अर्चना की गई। मुख्य पुजारी पंडित रमाकांत शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान नरसिंह के धातु विग्रह विधि-विधानपूर्वक पंचामृत एवं गंगाजल से अभिषेक किया गया।

## नाम परिवर्तन सूचना

मुझ प्रार्थी का सही नाम **संदीप राठौर (SANDEEP RATHOR)** है जो कि मेरे जन्मप्रमाण पत्र, मार्कशीट, जाति प्रमाण पत्र और आदि दस्तावेजो में दर्ज है। आधार कार्ड में मेरा घरू नाम **संजीव** है। **संजीव** और **संदीप राठौर** दोनों ही नाम मुझ एक ही व्यक्ति के है। अतः इस सूचना प्रकाशन उपरांत मेरे आधार कार्ड एवं समस्त शासकीय / अशासकीय दस्तावेजों और आदि में मेरा नाम **संजीव (SANJEEV)** के स्थान पर **संदीप राठौर (SANDEEP RATHOR)** दर्ज किया जावे व भविष्य में मुझे **संदीप राठौर (SANDEEP RATHOR)** के नाम से जाना पहचाना व पढ़ा लिखा जावे।

**पुराना नाम-संजीव (SANJEEV)**
**नया नाम-संदीप राठौर (SANDEEP RATHOR)**
**पिता श्री वीरु सिंह राठौर (VEERU SINGH RATHOR)**
**निवासी ग्राम टिकटौली गुर्जर मैनावासी, मुरैना म.प्र-476221**

## नामांकन विज्ञप्ति/संशोधन सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 17.04.2026 के दैनिक समाचार पत्र में क्षेत्र क्रं 02 वार्ड 09 की विज्ञप्ति में आवेदक की वल्दीयत का नाम महाराज सिंह कुशवाह भूलवस लिख गया है। अतः जिसे लक्ष्मण सिंह कुशवाह पडा जावे बाकी सब यथावत है।

**आवेदक का नाम/पता**
**श्रीमती लक्ष्मी बाई/लक्ष्मण सिंह कुशवाह**
**पता- रानीपुरा ग्वा0 (म.प्र.)**

## आम सूचना

श्रीमती सरिता यादव पत्नी श्री जरदान सिंह के स्वत्व व स्वामित्व की अचल सम्पत्ति भवन, स्थित दुर्गादास कॉलोनी, ग्राम जौराखुर्द, तहसील एवं जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र. 47 (भगत सिंह वार्ड) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.1423 ग्राम जौराखुर्द का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 900 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में-भवन रेनू किरार, पश्चिम में-खुला भूखण्ड, उत्तर में भवन श्री रामेश्वर बघेल एवं दक्षिण में रास्ता है। उक्त सम्पत्ति पूर्व में श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री रामदुलारे सिंह द्वारा श्रीमती मुन्नीबाई पत्नी श्री ईस्माइल अली को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. 741 दिनांक 17.05.2006 से विक्रय की गई। श्रीमती मुन्नीबाई द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री उदयभान सिंह पुत्र श्री भोलाराम को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी25792019ए1599653 दिनांक 26.08.2019 से विक्रय की गई। श्री उदयभान द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री रहीश खान पुत्र श्री अकबर खान को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी25792020ए1236911 दिनांक 28.05.2020 से विक्रय की गई। श्री रहीश खान द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती सरिता यादव पत्नी श्री जरदान सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी25792024ए1178712 दिनांक 27.09.2024 से विक्रय की गई। उक्त सम्पत्ति के वर्तमान स्वामी द्वारा ऐसा अवगत कराया गया है कि उक्त विक्रय विलेख दिनांक 17.05.2006 की मूलप्रति गुम हो गई हैं। श्रीमती सरिता यादव द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार टाटा कैपीटल हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम, बैंक अथवा निकाय को विक्रय विलेख दिनांक 17.05.2006 की मूलप्रति प्राप्त हों तो वह मूल दस्तावेज प्रदान करें अथवा उसके सम्बन्ध में कोई हित रखते हों अथवा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो। **दिनांक 30.04.2026**

**प्रेषक- नीरज जैन (एडवोकेट)**
**कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो. 98276-72710**

# धवन और महानआर्यमन ने ग्वालियर में किया 'दा वन हाई परफॉर्मेंस ट्रेनिंग सेंटर' का उद्घाटन

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 30अप्रैल।** ग्वालियर में क्रिकेट को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। एमपीसीए अध्यक्ष महानआर्यमन सिंधिया और भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज शिखर धवन ने संयुक्त रूप से 'दा वन हाई परफॉर्मेंस ट्रेनिंग सेंटर' का उद्घाटन किया। इस सेंटर का उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को आधुनिक और उच्चस्तरीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। उद्घाटन समारोह के दौरान खिलाड़ियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन भी किया। इस मौके पर शिखर धवन ने सेंटर के युवा गेंदबाजों की गेंदों का सामना करते हुए बल्लेबाजी की। वहीं, एमपीसीए अध्यक्ष महानआर्यमन सिंधिया ने भी शिखर धवन को गेंदबाजी की, जिस पर धवन ने सहजता से डिफेंस खेला। यह क्षण कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। दा वन ग्रुप के संस्थापक भारतीय क्रिकेटर और अर्जुन पुरस्कार विजेता शिखर धवन ने कहा, क्रिकेट ने मुझे सब कुछ दिया है, और मैंने हमेशा इस खेल को सार्थक तरीके से लौटाने की गहरी जिम्मेदारी महसूस की है। इस यात्रा को स्वयं जीने के कारण, मैं समझता हूं कि उच्चतम स्तर पर चैंपियन बनने के लिए क्या आवश्यक है। दा वन स्पोर्ट्स के माध्यम से हमारा उद्देश्य एक ऐसी प्रणाली तैयार करना है, जो युवा प्रतिभाओं को सही मार्गदर्शन, संरचना और मानसिकता प्रदान करे, ताकि वे सफलता के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो सकें। एमपीसीए के अध्यक्ष महानआर्यमन सिंधिया ने कहा, ग्रासरूट स्तर पर क्रिकेट में निवेश करना प्रतिभा की मजबूत श्रृंखला तैयार करता है, जिससे आने वाले वर्षों में भारत का क्रिकेट तंत्र स्थायी, प्रतिस्पर्धी और वैश्विक स्तर पर अग्रणी बना रहेगा। ग्वालियर स्थित दा वन का नेतृत्व पूर्व भारतीय क्रिकेटर और राष्ट्रीय चयनकर्ता सबा करीम तकनीकी निदेशक के रूप में करेंगे, जबकि शिखर धवन के बचपन के कोच मदन शर्मा मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। **ये वूमन लीग हुयी तैयार :** चंबल घड़ियाल, ग्वालियर शेरनी, रॉयल निमाड़ ईगल्स, भोपाल वूल्व्स, बुंदेलखंड बुल्स



### देश की सबसे बड़ी लीग बनी एमपीएल : महानआर्यमन

ग्वालियर। मध्य प्रदेश क्रिकेट लीग के आगामी सीजन के लिए महिला विंग का टीम ड्राफ्ट ग्वालियर में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर एमपीसीए अध्यक्ष और एमपीएल के संस्थापक महानआर्यमन सिंधिया, भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन और पूर्व क्रिकेटर सबा करीम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संबोधन के दौरान महानआर्यमन सिंधिया ने कहा कि देश की सबसे बड़ी लीग बनी एमपीएल, मात्र तीन वर्षों में एमपीएल ने देश की सबसे सफल और बड़ी लीग के रूप में पहचान बनाई है। उन्होंने बताया कि इस लीग के माध्यम से मध्य प्रदेश के खिलाड़ी अब आईपीएल जैसे बड़े मंचों पर अपनी चमक बिखेर रहे हैं। कार्यक्रम में शिखर धवन ने मध्य प्रदेश में क्रिकेट के बुनियादी ढांचे और महानआर्यमन सिंधिया के विजन की प्रशंसा की। वहीं, सबा करीम ने पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष स्वर्गीय माधवराव सिंधिया के भारतीय क्रिकेट में योगदान को याद करते हुए वर्तमान प्रयासों की सराहना की। इस वर्ष महिला लीग में टीमों की संख्या 3 से बढ़ाकर 5 कर दी गई है। एमपीएल 2026 सीजन का आगाज 3 जून से इंदौर में होगा, जो लगभग 28 दिनों तक चलेगा।

## कार्यालय नगर पालिक निगम मुरैना (म.प्र.)

प्रष्ठ क्रमांक-211/ई-टेण्डर/2026 मुरैना दिनांक 28/04/2026

### संक्षिप्त निविदा विज्ञप्ति

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है.

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_503146_1 24.04.2026 | नगरीय निकासय में 15 वित्त आयोग अंतर्गत अग्नि शमन सेवा के विस्तार एवं आधुनिकीकरण हेतु नवीन फायर स्टेशन कराने बावत (कार्य से संबंधित विस्तृत विवरण आरएफपी शर्तों के अनुसार) | 6 माह 159.40 लाख | 12500/- 79705/- | 28.05.2026 |

नोट : निविदा संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम मुरैना**

# ऋषि गालव विश्वविद्यालय के भूमि पूजन की तैयारियाँ जोरों पर

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 30अप्रैल।** मध्य भारत शिक्षा समिति द्वारा ग्वालियर की पावन धरा पर ऋषि गालव विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है। इसके लिए शीतला माता रोड़ पर बेला ग्राम में समिति द्वारा क्रय की गई 55 बीघा भूमि पर 4 मई सोमवार को प्रातः 9:30 बजे भूमि पूजन कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है।

इस कार्यक्रम में डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक पाण्डे, प्रांत संघचालक, मध्यभारत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ करेंगे। मुख्यवक्ता के रूप में सुरेश सोनी, सदस्य, अ.भा. कार्यकारिणी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ होंगे। कार्यक्रम स्थल पर मध्य भारत शिक्षा समिति, ग्वालियर के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र बाँदिल के निर्देशन में सचिव, प्रो. राजेन्द्र वैद्य, सहसचिव, प्रभात फाटक, कोषाध्यक्ष, बृन्दावन लुड़ेले, सदस्य कल्याण सिंह कौरव, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. प्रदीप वाजपेयी सहित समस्त व्यवस्था की टोलियाँ भूमि पूजन कार्यक्रम की तैयारियों में संलग्न हैं। कार्यक्रम स्थल पर लगभग 30,000 वर्गफुट का विशाल सभाकक्ष बनना प्रारम्भ हुआ है, जिसमें 2500 लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। मुख्य मंच के अलावा दो छोटे मंच और बनाए जा रहे हैं, जिस पर छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियाँ होंगी। मध्य भारत शिक्षा समिति के सचिव प्रो. राजेन्द्र वैद्य ने नगर के समस्त प्रबुद्धजनों से भूमि पूजन कार्यक्रम में उपस्थित रहने का निवेदन किया है।



## नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्र 18, वार्ड क्रं 49, स्थान ए-85, समाधिया कॉलोनी ग्वा0 मे स्थित है जो कि प्रदीप गुप्ता, सुदीप कुमार गुप्ता/स्व. आनंद बाबू गुप्ता के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 1000105864 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं एमपी142602023ए12623145 दिनांक 05.12.2023 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र गोरखी पानी की टंकी क्षे.क्र 18, पर दिनांक 28.04.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 83/2010/18774/41072 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

**आवेदक का नाम व पता -**
**उमेश कुमार/राधेश्याम शर्मा, रंजना शर्मा/उमेश शर्मा**
**पता-समाधिया कॉलोनी ग्वा0(म.प्र.), मो0- 9229435495**
**विज्ञप्ति जारी दिनांक-30.04.2026**

## नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्र 03, वार्ड क्रं 07, स्थान अचलेश्वर कॉलोनी, जगनापुरा ग्वा0 मे स्थित है जो कि जयश्री सिंह/विकास प्रजापति, संगीता/ के.पी प्रजापति के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 9000219941 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1260 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं एमपी142602023ए12531825 दिनांक 03.11.2023 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र लटपुरा क्षे.क्र 03, पर दिनांक 30.04.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 75/2011/55275/55195 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

**आवेदक का नाम व पता -**
**ब्रजेश वैरागी/लज्जाराम**
**पता-अजलेश्वर इन्कलेव, जगनापुरा ग्वा0(म.प्र.), मो0- 9627607005**
**विज्ञप्ति जारी दिनांक-30.04.2026**

## नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्र 12, वार्ड क्रं 45, स्थान नाटक घर के पास, दालबाजार लश्कर ग्वा0 मे स्थित है जो कि नत्थाराम/भरोसीराम के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 1002873529 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 487.5 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं R-31032600590643 दिनांक 31.03.2026 दानपत्र द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र रोशनी घर क्षे.क्र 12, पर दिनांक 30.04.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 69/2010/67427/67553 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

**आवेदक का नाम व पता -**
**रमा गौहर/राजेश गौहर**
**पता-नाटक घर के पास दाल बाजार ग्वा0(म.प्र.), मो0- 9977227105**
**विज्ञप्ति जारी दिनांक-30.04.2026**

## नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्र 16, वार्ड क्रं 35, स्थान सूबे की गोठ ग्वा0 मे स्थित है जो कि अखिलेश गुप्ता/बाबूराम गुप्ता के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 1000333866 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1022.50 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं एमपी21आईजीआर17402026ए10040 0181 दिनांक 30.03.2026 बंधक द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र जीवाजीगंज क्षे.क्र 16, पर दिनांक 30.04.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 81/2010/39026/61215 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

**आवेदक का नाम व पता -**
**मोहनलाल गोयल/स्व. विधिचंद गोयल, रजनी/मोहनलाल गोयल**
**पता-सूबे की गोठ ग्वा0(म.प्र.)**
**विज्ञप्ति जारी दिनांक-30.04.2026**

## नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्र 02, वार्ड क्रं 09, भवन क्रं 552, स्थान राजामण्डी ग्वा0 मे स्थित है जो कि श्रीमती मुन्नीदेवी/स्व. नारायण प्रसाद के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 1000124787 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 900 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र नौमहला क्षे.क्र 02, पर दिनांक 30.04.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 61/2010/58254/58460 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

**आवेदक का नाम व पता -**
**भगवती प्रसाद बाथम/स्व. नारायण प्रसाद**
**पता-राजामण्डी ग्वा0(म.प्र.), मो0-8871235728**
**विज्ञप्ति जारी दिनांक-30.04.2026**